**राज्यपाल सचिवालय, बिहार**
बिहार लोक भवन, पटना–800022

पत्रांक– BSU(Directive)-43/2023(Part-II)- 1977 /GS (I). दिनांक- 07/09/26

प्रेषक,

**दीपक कुमार सिंह, भा.प्र.से.**
राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव

सेवा में,

**सचिव**
शिक्षा विभाग
बिहार, पटना।

**विषयः– माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर पर फारसी विषय के स्वीकृत पद के विरूद्ध TRE-4 में विज्ञापित रिक्तियों के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि अखिल भारतीय बिहार छात्र संघ द्वारा ज्ञापन समर्पित कर माध्यमिक, उच्च माध्यमिक एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में फारसी भाषा के संरक्षण एवं संवर्द्धन का अनुरोध करते हुए फारसी विषय में स्वीकृत शिक्षण पद के विरूद्ध TRE-4 में विज्ञापित रिक्तियों की संख्या कम होने का उल्लेख किया गया है। साथ ही फारसी शिक्षको को "Surplus" श्रेणी में रखने तथा फारसी शिक्षकों के लिए स्थानान्तरण पोर्टल में 'शून्य विद्यालय' विकल्प जैसी तकनीकी विसंगति पर प्रतिवेदन अपेक्षित है।

अतः ज्ञापन की प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि इसमें अंकित बिन्दुओं पर की गयी/की जाने वाली कार्रवाई से अखिल भारतीय बिहार छात्र संघ एवं इस सचिवालय को अवगत कराने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन,

**अनु॰ः**–ज्ञापन की प्रति

**(दीपक कुमार सिंह)**
**राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव**

ज्ञापांक– BSU(Directive)-43/2023(Part-II)- 1977 /GS (I). दिनांक– 07/09/26

**प्रतिलिपिः**– राज्यपाल के विशेष कार्य पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित/ संयुक्त निदेशक, एन.आई.सी., बिहार लोक भवन को वेबसाईट पर आपलोड़ करने हेतु प्रेषित। संबंधित पदाधिकारी, विश्वविद्यालय शाखा, राज्यपाल सचिवालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव**